# श्याम बोलो क्या उपहार दें | By Akash Gupta 'Golu'

श्याम तुम्हारे जन्मदिवस पर बोलो क्या उपहार दे
हीरो का हार दे या अपना प्यार दे

1:बाबा तेरे जन्मदिवस पर तुमको खूब सजाया है
कसर कोई न छोड़ी हमने बनडा तुम्हे बनाया है
आवो सबसे पहले बाबा तेरी नज़र उतार दे
हीरो का हार दे या अपना प्यार दे

2:तेरी कृपा से ही हम सब सारे त्योहार मनाते है
तेरे लाड़ लड़ाने के तो मौके कम ही आते है
इतना अच्छा मौका बाबा कैसे आज बिसार दे
हीरो का हार दे या अपना प्यार दे

3:तेरे दीवानों को ज़रूरत तेरे एक इशारे की
बोल के देखो तोड़ के ला दे 'सोनू' चांद सितारे भी
तन मन अपना वार चुके है जीवन अपना वार दे
हीरो का हार दे या अपना प्यार दे .

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%ac%e0%a5%8b%e0%a4%b2%e0%a5%8b-%e0%a4%95%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%89%e0%a4%aa%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%b0-%e0%a4%a6%e0%a5%87%e0%a4%82-by-a/